बिहार सरकार

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

संकल्प

पटना, दिनांक ...............

विभागीय संकल्प संख्या–3689 दिनांक 04.07.2025 के तहत् श्री सत्यनारायण चौधरी, तत्कालीन जिला अवर निबंधक, पटना सम्प्रति सेवानिवृत सहायक निबंधन महानिरीक्षक के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी श्री जैनुद्दीन अंसारी, सहायक निबंधन महानिरीक्षक के दिनांक 31.12.2025 को सेवानिवृत्त हो जाने कारण उनके स्थान पर विभागीय संकल्प संख्या–462 दिनांक 21.01.2026 द्वारा श्री सुशील कुमार सुमन, उप निबंधन महानिरीक्षक को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। परन्तु श्री सुशील कुमार सुमन, उप निबंधन महानिरीक्षक द्वारा बताया गया है कि जिन दो दस्तावेजों मे सरकारी राजस्व क्षति का मामला प्रमाणित पाया गया है, उससे संबंधित परिवाद पत्र की जाँच उनके द्वारा की गयी हैं। अतएव प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्री सत्यनारायण चौधरी, तत्कालीन जिला अवर निबंधक, पटना सम्प्रति सेवानिवृत सहायक निबंधन महानिरीक्षक के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में डॉ0 सविता कुमारी, बि0प्र0सें0, विशेष कार्य पदाधिकारी को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

2. संकल्प सं0–462 दि0–21.01.2026 को इस हद तक संशोधित समझा जाय, अन्य शर्त्ते यथावत् रहंगी।

3. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति संचालन पदाधिकारी, प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी एवं आरोपी पदाधिकारी को भी उपलब्ध करा दिया जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(संजय कुमार )
सरकार के संयुक्त सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–8/आ0(राज0नि0)--01–48/2023–............ पटना, दिनांक–.........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/वित्त विभाग, ई–गजट कोषांग को (सी0डी0 सहित) राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–8/आ0(राज0नि0)--01–48/2023–.......687 पटना, दिनांक–30.01.2

प्रतिलिपिः– संचालन पदाधिकारी, डॉ0 सविता कुमारी, बि0प्र0से0, विशेष कार्य पदाधिकारी, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना (अभिलेख के साथ)/प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक, पटना/ श्री सत्यनारायण चौधरी, तत्कालीन जिला अवर निबंधक, पटना सम्प्रति सेवानिवृत सहायक निबंधन महानिरीक्षक, पता–फ्लैट नं0–602ए, एस0बी0 रेसिडेन्सी, नियर आई0जी0आई0एम0एस0, बेली रोड, शेखपुरा, पटना–800014 एवं विभागीय आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
बिहार, पटना।